तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 11 जुलाई 2026

11 जागरूकता अभियान में छात्रों को दी गई कानूनी जानकारी



12 कलेक्टर ने डौंडी ब्लॉक के स्वास्थ्य और बाल विकास..





2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरुपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING
&
M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
9340311314, 9300850065
9303898329, 9098849923

# गुंडरदेही विकासखंड में आवासहीनों को मिलेगा 30 वर्षों का पट्टा

## गुण्डरदेही में पट्टाधृति अधिनियम के तहत सर्वे शुरू, एसडीएम ने दिए निष्पक्ष जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही में पट्टाधृति अधिनियम 2023 के तहत आवासहीन व्यक्तियों को भूमि का पट्टा प्रदान करनेसर्वे कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व अनुविभागीय अधिकारी प्रतिमा ठाकरे झा की अध्यक्षता में समीक्षा एवं मार्गदर्शन बैठक आयोजित की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से सर्वे कार्य संपन्न कराने तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष विजय सोनकर, तहसीलदार कोमल ध्रुव, नायब तहसीलदार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कोमल ठाकुर, राजस्व निरीक्षक, पटवारी, पार्षद हरीश निषाद, संतोष नेताम, रामबती सोनकर, सलीम खान, लता सोनी, पूजा बिंझेकर, शैल महोबिया, फैज बख्श, रोमलाल यादव सहित नगर पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने वार्ड क्रमांक 5 में पटवारी, राजस्व निरीक्षक एवं नगर पंचायत की संयुक्त टीम के साथ मौके पर पहुंचकर पट्टा सर्वे कार्य का शुभारंभ कराया। इस दौरान जैन ने बताया कि पट्टाधृति अधिनियम 2023 के तहत पात्र आवासहीन व्यक्तियों को 800 वर्गफीट भूमि का पट्टा प्रदान किया जाएगा। यह पट्टा 30 वर्षोंर् की अवधि के लिए रहेगा तथा नियमानुसार समय–समय पर इसका नवीनीकरण किया जाएगा।




### सत्यापन के लिए दिखाने होंगे आवश्यक दस्तावेज

पट्टाधृति नियम 2023 के अंतर्गत भूमि के कब्जे के सत्यापन के लिए 20 अगस्त 2017 से पूर्व जारी निम्नलिखित दस्तावेजों में से उपलब्ध दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। जिसमे भारत निर्वाचन आयोग, राज्य निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची। बिजली बिल अथवा बिजली कनेक्शन का दस्तावेज, टेलीफोन बिल, स्थानीय नगरीय निकाय का संपत्ति कर समेकित कर पंजी। जलकर भुगतान का दस्तावेज, भवन अनुज्ञा अथवा दुकान अनुज्ञा, अधिनियम के अंतर्गत पूर्व में प्रदत्त पट्टाधृति पट्टा यदि लागू हो। आधार कार्ड अथवा ड्राइविंग लाइसेंस, हितग्राही की वार्षिक आय 2,50 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। नगर पंचायत प्रशासन और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने नागरिकों से अपील की है कि जिन पात्र परिवारों को इस योजना का लाभ लेना है, वे निर्धारित दस्तावेज तैयार रखें ताकि सर्वे एवं सत्यापन कार्य समय पर पूर्ण किया जा सके।

## खबर संक्षेप

### जिलास्तरीय प्रवेशोत्सव उमावि गुजरा में 13 को

**बालोद।** स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा 13 जुलाई को जिले के डौण्डी विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा में सुबह 11 बजे जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर करेंगी। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ के चेयरमेन तोमन साहू के अलावा जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, ग्राम पंचायत गुजरा के सरपंच पार्वती बाई सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा प्रतिभाशाली छात्र–छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन आज से

**बालोद।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बालोद में राज्य स्तर पर ऑनलाइन काउंसलिंग एवं प्रवेश की प्रक्रिया दो चरणों में पूर्ण होने के पश्चात अब अंतिम चरण संस्था स्तरीय काउंसलिंग के तहत प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की तिथि 11 से 16 जुलाई तक निर्धारित की गई है।।शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बालोद के प्राचार्य ने बताया कि संस्था में डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और माइनिंग इंजीनियरिंग ब्रांच संचालित हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी वेबसाइट पर निर्धारित तिथि में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कर सकते हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के उपरांत, पंजीकृत अभ्यर्थी 18 जुलाई को सुबह 10 बजे से शासकीय पॉलिटेक्निक संस्थान बालोद में प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

**कार्रवाई**

अवैध कब्जा हटाने पहले दिया गया था नोटिस, बावजूद नहीं हटाया गया

# तीन गांवों के 27 मकानों पर चला प्रशासन का बुलडोजर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

विकासखण्ड में गुरूवार को अवैध अतिक्रमणकारियों को प्रशासन ने कड़ा संदेश दिया। गुरूवार को एक ही दिन में तीन ग्रामों में एक के बाद एक कुल 27 अतिक्रमणों को तोड़ा गया। शेष अतिक्रमणों को आगामी दिवसो में तोड़ा जाएगा।

गुरूवार को विकासखण्ड के नवनिर्मित नगर पंचायत पलारी में सबसे पहले अतिक्रमण तोड़ने की कार्यवाही की गई। यहां कुल 13 अतिक्रमणों को तोड़ा गया। प्रशासन ने अतिक्रमण तोड़ने के पूर्व सबको अपना अतिक्रमण स्वतः से हटाने का निर्देश दिया था। उनके द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने के बाद बेदखली वारंट जारी किया गया एवं कुल 13 अतिक्रमण को तोड़ा गया। पलारी में बीते कई माह से रूक रूककर अतिक्रमण तोड़ने का क्रम जारी है। पलारी में ग्रामीणों के आवेदन पर हाई कोर्ट ने अतिक्रमण को तोड़ने का आदेश दो साल पूर्व किया था।



गुरूवार को ही अतिक्रमण तोड़ू दस्ता ने ग्राम कंवर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। यहां ग्रामीणों व पंचायत की शिकायत व पटवारी के प्रतिवेदन के आधार पर 8 अतिक्रमणों को चिन्हांकित किया गया था। निर्धारित प्रक्रिया के बाद भी जब अतिक्रमणकारियों ने कब्जा नहीं छोड़ा तब प्रशासन ने बुलडोजर लगाकर यहां 7 अतिक्रमण को तोड़ा। शेष आगामी दिवस में तोड़ा जाएगा। प्रशासन ने ग्राम बोड़रा में भी गुरूवार को ही अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही की है। यहां कुल 7 अतिक्रमण को तोड़ा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां 10 अतिक्रमणों को चिन्हांकित किया गया था। समय के अभाव में सभी अतिक्रमणों को तोड़ा नहीं जा सका। आने वाले दिनों में प्रशासन द्वारा शेष अतिक्रमणों को तोड़ा जाएगा।

अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारी की थी। बड़ी संख्या में पुलिस बल जिसमे महिला पुलिस भी थी इस दौरान उपस्थित थी। तीनों ही जगह प्रशासन को विरोध का सामना करना पड़ा, लेकिन प्रशासन ने अतिक्रमण तोड़ने के पूर्व सभी अतिक्रमणधारियों को नोटिस देने, बेदखली आदेश जारी कर समय दिया गया था एवं पुरी तैयारी के सांथ अतिक्रमण तोड़ने की कार्यवाही की गई।

# महर्षि मुक्तानंद आश्रम से 5 लाख के पांच कीमती चंदन पेड़ काट ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज:बालोद

आश्रम के अंदर लगे पांच चंदन के पेड़ को काटकर चोर ले गए तथा उसकी डंगलिया आश्रम में ही छोड़ दिए। जिसके बाद आश्रम संचालक ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

ग्राम सांकरा (क) निवासी पवन कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि विगत 29 वर्षों से ग्राम हथौद में स्थिति महर्षि मुक्त लोक सेवा सार्वजनिक न्यास हथौद के परिसर में संचालित सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय हथौद में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हूं, साथ महर्षि मुक्त लोक सेवा सार्वजनिक न्यास हथौद का सचिव भी हूं। महर्षि मुक्तानंद आश्रम का 5 एकड 9 डिसमिल जमीन है, जिसमें से 01 एकड 25 डिसमिल जमीन पर आश्रम एवं स्कूल संचालित है। शेष जमीन का उपयोग कास्तकारी के लिये रखा गया है। आश्रम के सामने परिसर को ईंट से परकोटा बनाया गया है, कास्तकारी भूमि को लोहा जाली तार से मजबूत घेरा किया गया है। खेत के आउटर मेड में 8 नग मल्यागिरि प्रजाति के चंदन पेड़ आज से 20 वर्ष पूर्व लगाया गया है। जिसका भी देखभाल करता हूं। 08 जुलाई के प्रातः सुबह 6 बजे हमारे विद्यालय के आचार्य ठाकुर राम साहू ने फोन कर बताया कि आश्राम परिसर में लगे चंदन का पेड़ को कोई काट कर ले गया है, तब मै मौके पर जाकर आश्रम परिसर खेत के मेड में लगे चंदन झाड का निरीक्षण किया, खेत के मेड में लगे 05 चंदन का झाड कटा हुआ था कटे पहले झाड की ठुठ की गोलाई करीबन 64 सेमी, ऊंचाई करीबन 8 फीट दुसरा झाड की ठुठ की गोलाई करीबन 62 सेमी, ऊंचाई करीबन 8 फीट तिसरा झाड की ठुठ की गोलाई करीबन 39 सेमी, ऊंचाई करीबन 7 फीट चौथा झाड की ठुठ की गोलाई करीबन 42 सेमी, ऊचाई करीबन 8 फीट, पांचवा झाड की ठुठ की गोलाई करीबन 43 सेमी, ऊंचाई करीबन 7 फीट जुमला कीमती 5 लाख रूपये की झाड का तना नहीं था, मौके पर झाड का डंगाल पडा हुआ है, 7 जुलाई के दरम्यिानी रात कोई अज्ञात चोर द्वारा रात्रि में खेत के मेड में लगे लोहे की जाली को काट कर महर्षि मुक्तानंद आश्रम परिसर खेत में प्रवेश कर चंदन झाड को काट कर चोरी कर ले गया है।

■ लोहे की जाली काटकर घुसे थे चोर, पुलिस जांच में जुटी

# जिला कार्यालय में लगेगा ईवी चार्जिंग पॉइंट

## चार्जिंग के लिए लगेगी 15 रुपए प्रति यूनिट की दर से राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अब जिला कार्यालय में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चालकों को अपने वाहन को चार्ज करने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, क्योंकि जला प्रशासन ने जिला कार्यालय में इसकी सुविधा उपलब्ध कराया है। इलेक्ट्रिक वाहन चालक जिला कार्यालय में अपने इलेक्ट्रिक वाहन को जार्च में लगाकर आफिस का कार्य कर सकेंगे, इससे वे अधिक दूरी का सफर आसानी से कर पाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप पर्यावरण संरक्षण और जैविक ईंधनों पर निर्भरता को कम करने के उद्देश्य से बालोद जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष पहल की जा रही है। इसके अंतर्गत शासकीय कार्यों में यथासंभव वाहनों की पूलिंग व्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ–साथ अधिकारी–



कर्मचारियों एवं आम नागरिकों को इले्ट्रिरक वाहनों (ईवी) के उपयोग हेतु निरंतर प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में ई–वाहनों के आवागमन और चाजिंर्ग को सुगम बनाने के लिए संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में सर्वसुविधायुक्त पब्लिक चार्जर स्थापित किया गया है। जिला खनिज संस्थान न्यास के सहायक नोडल अधिकारी ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित किए गए इस पब्लिक चार्जर की क्षमता 7.2 किलोवाट है। वाहन स्वामी इस सुविधा का उपयोग 'टाटा पावर इजेड चार्ज' मोबाइल ऐप के माध्यम से मात्र 15 रुपये प्रति यूनिट की निर्धारित दर पर कर सकेंगे। जिला प्रशासन ने जिले के सभी ई–वाहन चालकों और आम नागरिकों से इस आधुनिक सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने पर्यावरण अनुकूल अपशिष्ट और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने कलेक्ट्रेट परिसर में लगा यह चार्जर एक शुरुआती कदम है। भविष्य में ई–वाहन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए संपूर्ण बालोद जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण एवं सार्वजनिक स्थानों पर उच्च क्षमता वाले 60 किलोवाट के फास्ट चार्जरों का विस्तार किया जाएगा। इससे न केवल प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि ईंधन व्यय में बचत के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

# एग्रीस्टैक व ई-केवाईसी की अनिवार्यता पर कांग्रेस हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

■ मोंटू चंद्राकर बोले– बिना तैयारी नियम थोप रही सरकार, धान खरीदी में परेशान होंगे किसान

जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के प्रवक्ता मोंटू चंद्राकर ने संयुक्त खाताधारकों के लिए ई–केवाईसी एवं एग्रीस्टैक संबंधी अनिवार्यता को लेकर राज्य एवं केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया है। कांग्रेस का कहना है कि सरकार बिना पर्याप्त जागरूकता एवं सुविधाएं उपलब्ध कराए किसानों पर नए नियम थोप रही है, जिससे आगामी धान खरीदी के दौरान हजारों किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

कांग्रेस ने कहा कि जिन खातों में 3–4 संयुक्त खाताधारक हैं तथा एक ही खाते से अनेक खसरा नंबर जुड़े हुए हैं,



वहां प्रत्येक खाताधारक के लिए अलग–अलग एग्रीस्टैक प्रक्रिया अनिवार्य करना ग्रामीण क्षेत्रें के किसानों के लिए जटिल और समय लेने वाला कार्य है। प्रदेश के अनेक गांवों में तकनीकी संसाधनों, इंटरनेट सुविधा एवं आवश्यक जानकारी का अभाव है, जिसके कारण किसान समय पर प्रक्रिया पूरी नहीं कर पा रहे हैं। पिछले साल सरकार के गलत नीतियो के कारण किसानों को धान बेचने में भारी समस्या का सामना करना पड़ा था, किसानों के घरों में जाकर छापा मारा था। मोंटू चंद्राकर ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय नई–नई प्रक्रियाओं का बोझ बढ़ा रही है। इस साल खाद के नाम से किसानो को भारी समस्या का सामना करना पड़ा है और आज भी खाद के लिय चक्कर काट रहे है, यदि सरकार समय रहते व्यापक जनजागरूकता अभियान, शिविरों की व्यवस्था एवं तकनीकी सहायता उपलब्ध नहीं कराई गई, तो धान खरीदी के समय किसानों को अपनी उपज बेचने में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। जिला कांग्रेस कमेटी बालोद यह मांग करती है कि सरकार तत्काल ग्राम स्तर पर विशेष शिविर आयोजित करे, प्रक्रिया को सरल बनाए तथा तब तक किसी भी किसान को धान विक्रय से वंचित न किया जाए जब तक सभी पात्र किसानों की एग्रीस्टैक एवं अन्य औपचारिकताएं पूर्ण न हो जाएं।

## अब तक 945 आयुष्मान व 241 वय वंदन कार्ड बने

# आयुष्मान और वय वंदन कार्ड बनाने पंचायतों में लग रहे शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

खंड चिकित्सा अधिकारी निकुम डॉ. देवेंद्र किशोर बेलचंदन के मार्गदर्शन में 1 जुलाई से ग्राम पंचायतवार आयुष्मान कार्ड एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए वय वंदन कार्ड बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य विभाग के आरएचओ एवं सीएचओ मोबाइल स्कैनर के माध्यम से पात्र हितग्राहियों के कार्ड बना रहे हैं। अभियान के अंतर्गत अब तक 945 आयुष्मान कार्ड तथा 241 वय वंदन कार्ड बनाए जा चुके हैं। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सामान्य पात्र हितग्राहियों को 50 हजार तक तथा गरीबी रेखा



से नीचे के परिवारों एवं 70 वर्ष से अधिक आयु के वय वंदन कार्डधारकों को 5-5 लाख तक का स्वास्थ्य उपचार लाभ मिलता है।

स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है, जिनका आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है, वे अपने ग्राम के सरपंच, सचिव या मितानिन से संपर्क कर निर्धारित तिथि पर आयोजित शिविर में राशन कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ पहुंचकर अपना कार्ड बनवाएं और शासन की स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का लाभ उठाएं। 13 जुलाई को ग्राम पंचायत अंडा, खम्हरिया, बोड़ेगांव, पीपरछेड़ी एवं मचांदुर, 14 जुलाई को चिंगरी, कोटनी, ननकट्ठी, गनियारी (रसमड़ा) एवं घुघसीडीह, 15 जुलाई को अछोटी, कोडिया, रवेलीडीह, खुरसुल एवं कोकड़ी, 16 जुलाई को कुथरेल, मोहलाई, अरसनारा एवं दामोदा, 17 जुलाई को रिसामा, ढौर एवं नगपुरा, 20 जुलाई को चिरपोटी, खेदामारा एवं अंजोरा (ढा), 21 जुलाई को मतवारी, कचांदुर एवं ढाबा, 22 जुलाई को जंजगीरी, बासीन एवं डांडेसरा, 23 जुलाई को भेड़सर तथा 24 जुलाई को थनौद ग्राम पंचायत में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

# दसवीं द्वितीय अवसर बोर्ड गणित परीक्षा में 95.93% परीक्षार्थी हुए शामिल

## 3,807 विद्यार्थियों में से 3,652 ने दी परीक्षा, 155 रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं और बारहवीं बोर्ड द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा शुरू हो गई है। गुरुवार को दसवीं बोर्ड गणित विषय की परीक्षा हुई। जिले में इस परीक्षा के लिए 19 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों में कुल 3,807 विद्यार्थियों का पंजीयन था, जिनमें से 3,652 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए हैं। वहीं 155 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह परीक्षा में उपस्थिति का प्रतिशत 95.93 रहा। इस तरह अवसर परीक्षा में भी 4 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा देने से स्वयं को किनारा कर लिया है।

### सबसे ज्यादा गैरहाजिर रहे कैंप एक केंद्र में

दुर्ग विकासखंड के अधिकांश केंद्रों में विद्यार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही। सबसे अधिक अनुपस्थिति शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कैंप-1 भिलाई केंद्र में दर्ज की गई है। जहां 325 परीक्षार्थियों में से 21 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालक धमधा केंद्र में 20 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बोरी केंद्र में सभी 108 पंजीकृत विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और एक भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं रहा। इसके अलावा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अंडा केंद्र में 173 में से 169 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय उतई केंद्र में 32 में से 30 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। पाटन विकासखंड के केंद्रों में भी विद्यार्थियों की उपस्थिति अच्छी रही। शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय पाटन केंद्र में 236 में से 225 विद्यार्थी उपस्थित रहे। जामगांव (आर) और जामगांव (एम) केंद्रों में क्रमशः 119 में से 113 तथा 108 में से 103 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया।



### डीईओ सहित अधिकारियों ने दी दबिश

बोर्ड परीक्षा में नकलची विद्यार्थियों पर नजर रखने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने पं. जवाहर लाल नेहरू न्यू खुर्सीपार भिलाई केंद्र का निरीक्षण किया। सहायक संचालक अमित घोष व सीमा नायक ने जेआरडी स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मरोदा टैंक और आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। पाटन एबीईओ आकांक्षा अग्रवाल ने सेजेस पाटन परीक्षा केंद्र में औचक निरीक्षण किया।

### ब्लॉकवार परीक्षार्थियों की उपस्थिति

| ब्लॉक | पंजीकृत | उपस्थित | अनुपस्थित |
|---|---|---|---|
| दुर्ग | 2,488 | 2,390 | 98 |
| पाटन | 583 | 555 | 28 |
| धमधा | 736 | 707 | 29 |
| कुल | 3,807 | 3,652 | 155 |

## खबर संक्षेप

### नकटी गांव के पीड़ितों को जल्द मिले पुनर्वास व मुआवजे का लाभ

**भिलाई।** रायपुर के गांव नकटी में गरीबों के मकान तोड़े जाने को लेकर शिवसेना के भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में राजू गुप्ता ने कहा कि भारी बारिश के इस संवेदनशील मौसम में बिना किसी ठोस वैकल्पिक व्यवस्था के प्रशासन द्वारा लगभग 80-85 गरीब, मजदूर और आदिवासी परिवारों के आशियानों पर बुलडोजर चला दिया गया। भारी बारिश के मौसम में छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को बेघर करना पूरी तरह से संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। प्रशासन ने मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन किया है। तोड़े गए मकानों में से कई मकान प्रधानमंत्री आवास योजना और इंदिरा आवास योजना के तहत स्वीकृत थे, जिन्हें शासन ने ही वैध मानकर राशि जारी की थी। स्वयं सरकार द्वारा स्वीकृत मकानों को अवैध बताकर तोड़ना बेहद विरोधाभासी और निंदनीय है। जितने भी परिवारों के मकान तोड़े गए हैं, उन्हें नवा रायपुर या समीप के क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से पक्के मकान निःशुल्क आवंटित किए जाएं। बेघर हुए परिवारों के सामान, घरेलू संपत्ति और मकान के नुकसान का सही आकलन कर उन्हें अविलंब उचित आर्थिक मुआवजा दिया जाए।

### सेक्टर-1 नये पीआर कार्यालय से संचालित होंगे विजिटर पास संबंधी कार्य

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रोजेक्ट एक्सपैंशन के तहत जनसंपर्क विभाग परिसर के कार्यालयों का सेक्टर-1 स्थित पोस्ट ऑफिस के समीप पुराने तारघर भवन में स्थानांतरण पूर्ण हो चुका है। वर्तमान में सम्पर्क एवं प्रशासन विभाग के सेंट्रल रजिस्ट्री अनुभाग, टैक्सी कंट्रोल अनुभाग, प्रोटोकॉल अनुभाग तथा जनसंपर्क विभाग का सभी कार्य सेक्टर-1 स्थित नये कार्यालय से संचालित किया जा रहा है। विजिटर पास अनुभाग भी नये कार्यालय से कार्य प्रारंभ कर चुका है। विजिटर पास जारी करने एवं उससे संबंधित सभी कार्य सेक्टर-1 जनसंपर्क विभाग के कार्यालय से ही किये जायेंगे।

### जोन आयुक्त ने लिया विकास कार्यों का जायजा



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन 2 के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया गया। जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने अधिकारियों की टीम के साथ क्षेत्र का दौरा कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जोन आयुक्त ने जोन 2 के अंतर्गत बनाए जा रहे नए डॉग हाउस का बारीकी से अवलोकन किया, अविलंब प्रारम्भ करवाने हेतु चर्चा की गई। स्वच्छता और कचरा प्रबंधन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसएलआरएम सेंटर में चल रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। कुरूद सुंदर विहार क्षेत्र के नागरिकों की सुगम आवाजाही के लिए नवनिर्मित नवीन सीसी रोड का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता को परखा गया। इस महत्वपूर्ण निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त के साथ कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता श्वेता वर्मा और उप अभियंता अशोक देवांगन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## अस्पताल को निजी हाथों में देने के बजाय डॉक्टरों व नर्सों की करें भर्ती

# से.9 अस्पताल सहित 64 एकड़ की सार्वजनिक संपत्ति के निजीकरण से होगा चौतरफा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेक्टर 9 अस्पताल के निजीकरण के खिलाफ आंदोलन के लिए संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा जारी जागरुकता जनसंपर्क अभियान के चौथे दिन आज यूनियनों के लोगों ने प्लांट सहित टाउनशिप व दफ्तरों आदि में कर्मचारियों व श्रमिकों से संपर्क कर जागरुक किया। लोगों को परचे बांटकर सेक्टर 9 अस्पताल सहित टाउनशिप की करोड़ों की संपत्ति निजी हाथों में सौंपने के प्रयास के खिलाफ समर्थन मांगा।

इंटक, सीटू, एटक, एक्टू, एचएमएस और स्टील वर्कर्स यूनियन के नेताओं ने अभियान के दौरान बताया कि सेक्टर-9 अस्पताल केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि लगभग 64 एकड़ में फैली करोड़ों रुपये मूल्य की राष्ट्रीय संपत्ति है, जिसे देश के सार्वजनिक क्षेत्र और कर्मचारियों के धन से विकसित किया गया है। अरबों की इस संपत्ति को निजी हाथों में सौंपने की किसी भी कोशिश का पुरजोर विरोध किया जाएगा। अस्पताल का निजीकरण करना केवल अस्पताल पर नहीं, बल्कि सार्वजनिक संसाधनों और आम जनता के स्वास्थ्य अधिकार पर सीधा हमला है। जनता की संपत्ति पर किसी भी प्रकार का निजी कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। संयुक्त यूनियन ने कहा कि पिछले वर्षों में अस्पताल के आधुनिकीकरण पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए।

नई इमारतें, आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं, उन्नत उपकरण, नई दवा भंडारण व्यवस्था, मरीजों के लिए परिवहन सुविधाओं का विस्तार तथा अन्य आधारभूत ढांचे का विकास किया गया। यदि अस्पताल को निजी हाथों में ही सौंपना था, तो जनता के धन से यह भारी निवेश क्यों किया गया । इस सार्वजनिक धन से अस्पताल को मजबूत कर अब उसका लाभ निजी कंपनियों को देने की तैयारी की जा रही है।

### संयुक्त यूनियन के जन संपर्क अभियान में कर्मियों को किया जागरुक



### संघर्ष केवल अस्पताल का नहीं, जनता के अधिकारों का है

संयुक्त यूनियन ने कहा कि सेक्टर-9 अस्पताल का निजीकरण केवल एक संस्थान का हस्तांतरण नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को कमजोर करने की दिशा में खतरनाक कदम है। यदि इसे नहीं रोका गया तो भविष्य में अन्य सार्वजनिक संस्थानों पर भी यही खतरा मंडराएगा। इसलिए कर्मचारी, सेवानिवृत्तजन, उनके परिवार तथा आम जनता को एकजुट होकर इस जनविरोधी निर्णय का संगठित तरीके से विरोध करना होगा, ताकि सार्वजनिक संपत्ति और स्वास्थ्य सेवाओं की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### अस्पताल लाइफ सेविंग और सेवा का है केंद्र

सेक्टर-9 अस्पताल में मरीजों को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए दो जनऔषधि (जेनेरिक मेडिसिन) फार्मेसियां स्थापित की गई हैं। इसके साथ ही ओपीडी एवं कैजुअल्टी तक मरीजों को पहुंचाने के लिए परिवहन सुविधाओं का विस्तार किया गया है। ये सभी कदम इस बात का प्रमाण हैं कि अस्पताल को एक मजबूत सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थान के रूप में विकसित किया गया है। संयुक्त यूनियन ने प्रबंधन से मांग की अस्पताल को निजी हाथों में सौंपना समाज के गरीब, श्रमिक, सेवानिवृत्त कर्मचारियों और आम नागरिकों के हितों के साथ अन्याय होगा। निजीकरण किए जाने पर आंदोलन किया जाएगा।

## पर्क्स के चयन में असावधानी बीएसपी कर्मचारियों को पड़ सकती है भारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीटू की टीम ने कर्मियों को पर्क्स सुविधा को लेकर कर्मियों को जागरुक किया। यूनियन ने बीएसपी के वित्त विभाग के अधिकारियों से चर्चा करने के बाद कहा कि आयकर छूट का लाभ तभी मिलेगा जब पर्क्स का चयन सोझ समझकर कर करें। विभिन्न मदों व वाहनों पर सीमा अलग अलग है।

■ सीटू ने आयकर छूट के लिए बीएसपी के वित्त अधिकारियों से चर्चा बाद किया जागरुक

यूनियन ने कर्मियों को बताया कि बीएसपी कर्मचारियों को पर्क्स के तहत उनके मूल वेतन का 26.5 प्रतिशत विभिन्न मदों में चयन करने का अवसर दिया जाता है। यह केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि सही जानकारी के साथ किया गया चयन कर्मचारियों को आयकर में उल्लेखनीय बचत करा सकता है। इसलिए पर्क्स भरते समय जल्दबाजी या अनुमान के आधार पर निर्णय लेने के बजाय प्रत्येक मद को समझना आवश्यक है।नए टैक्स रिजीम के अनुसार कुछ विशेष मद ऐसे हैं, जिन पर नियमानुसार आयकर में छूट उपलब्ध है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण व्हीकल रिपेयर एवं मेंटेनेंस मद है। इस मद में कर्मचारी अपने मूल वेतन का अधिकतम 10 प्रतिशत तक चयन कर सकते हैं।यदि कर्मचारी के नाम पर बीएसपी में विधिवत पंजीकृत 1.6 लीटर (1600 सीसी) से कम क्षमता की चार पहिया गाड़ी है, तो उसे 5 हजार रुपए प्रतिमाह तक की राशि पर आयकर छूट का लाभ मिल सकता है।

### मील वाउचर का चयन में बरतें सजगता

नए टैक्सी रीजिम मे मील वाउचर भी एक महत्वपूर्ण विकल्प है। इस मद में कर्मचारी मूल वेतन का अधिकतम 10 प्रतिशत तक राशि चुन सकते हैं, लेकिन इसकी अधिकतम सीमा 10 हजार रुपए प्रतिमाह है। वर्तमान नियमों के अनुसार एक कर्मचारी प्रतिदिन 400 रुपए तक का मील वाउचर प्राप्त कर सकता है। 25 कार्य दिवस के अनुसार 10 हजार रुपए तक का लाभ मिल सकता है। यह राशि नकद वेतन के रूप में नहीं मिलती, बल्कि सोडेक्सो कार्ड अथवा कूपन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है। इसलिए उतनी ही राशि का चयन करें, जितनी की वास्तविक उपयोग आप सोडेक्सो कूपन अथवा कार्ड में मिली रकम खर्चों में कर सकें। सीटू ने बताया कि दिव्यांग कर्मचारियों के लिए भी विशेष प्रावधान किए हैं।

## नंदिनी रोड की शराब दुकान हटाने की मांग आप ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नंदिनी रोड स्थित सरकारी शराब दुकान को तत्काल हटाकर किसी गैर-आवासीय क्षेत्र में स्थानांतरित करने की मांग की है। आम आदमी पार्टी ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो स्थानीय लोगों और महिलाओं के साथ मिलकर उग्र जन आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में पार्टी ने बुधवार को कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा।

■ गैर-आवासीय क्षेत्र में शिफ्ट करने की मांग

अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने आरोप लगाया कि नंदिनी रोड स्थित शराब दुकान क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने का कारण बन गई है। उनका कहना है कि शराब दुकान के आसपास आए दिन लूट, मारपीट, चाकूबाजी और अन्य आपराधिक घटनाएं होती हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि नंदिनी रोड पहले से ही संकरी और अत्यधिक व्यस्त सड़क है। आप नेताओं ने यह भी कहा कि इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं गुजरती हैं। उनके अनुसार, शराब दुकान के बाहर होने वाली गतिविधियों का बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई। शराब दुकान को शीघ्र अन्य स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया तो आम आदमी पार्टी स्थानीय नागरिकों के सहयोग से बड़ा जन आंदोलन शुरू करेगी।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेल मेडिक्लेम योजना का नवीनीकरण शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनके पात्र आश्रितों के लिए सेल मेडिक्लेम योजना 2026–27 के तहत नवीनीकरण एवं गैप केस के लिए नवीन पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह योजना 11 जुलाई से 10 जुलाई 2027 तक प्रभावी रहेगी। योजना के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मियों एवं उनकी पत्नी को द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईए) के माध्यम से स्वास्थ्य बीमा सुविधा प्रदान की जाएगी। एमडी इंडिया हेल्थ इंश्योरेंस टीपीए प्राइवेट लिमिटेड तृतीय पक्ष प्रशासक (टीपीए) के रूप में सेवाएं प्रदान करेगा।

■ 10 से 11 जुलाई 2027 तक रहेगी प्रभावी

वर्ष 2025–26 में योजना से जुड़े सेवानिवृत्त कर्मी सेल मेडिक्लेम पेमेंट पोर्टल के माध्यम से, जो एसबीआई ई-पे से एकीकृत है, ऑनलाइन प्रीमियम जमा कर अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कर सकते हैं। वहीं, जो पूर्व कर्मचारी पिछले वर्ष योजना से जुड़े नहीं थे, वे गैप केस के रूप में निर्धारित प्रीमियम चालान के माध्यम से जमा कर तथा आवेदन पत्र भरकर मानव संसाधन–कर्मचारी सेवा कार्यालय, पुराना स्वास्थ्य केंद्र भवन, सेक्टर-5, में जमा कर योजना से जुड़ सकते हैं। नवीनीकरण एवं नवीन पंजीयन की अंतिम तिथि 10 अगस्त निर्धारित की गई है।

यह योजना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से सेवानिवृत्त सेल कर्मियों, स्वैच्छिक सेवानिवृत्त कर्मचारियों, स्थायी पूर्ण दिव्यांगता के कारण सेवा से पृथक हुए कर्मचारियों, सेवा के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के जीवनसाथियों, 57 वर्ष या उससे अधिक आयु में त्यागपत्र देने वाले कर्मचारियों तथा उनके पात्र जीवनसाथियों के लिए लागू है।

सेल प्रबंधन ने योजना के लाभार्थियों से अपील की है कि वे नवीनीकरण के दौरान पोर्टल पर दर्ज सभी जानकारियों का सावधानीपूर्वक सत्यापन करें। जिन सदस्यों ने पूर्व में सेल्फ प्लस स्पाउस (बोथ) श्रेणी में पंजीयन कराया था और अब किसी एक सदस्य का निधन हो चुका है, उन्हें नवीनीकरण से पूर्व अपनी श्रेणी को सेल्फ अथवा स्पाउस में अद्यतन कराने की सलाह दी गई है। गैप केस के आवेदकों को निर्धारित आवेदन पत्र, जो सेल की वेबसाइट पर उपलब्ध है, आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रीमियम भुगतान के साथ निर्धारित कार्यालय में जमा करना होगा।

## रिसाली के चार वार्डों में 1.72 करोड़ से होने वाले विकास के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर पालिक निगम रिसाली में विकास कार्य के लिए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और महापौर शशि सिन्हा ने भूमिपूजन किया। 1 करोड़ 72 लाख 8 हजार से तालपुरी, रूआबांधा उत्तर, रूआबांधा दक्षिण व रूआबांधा पूर्व में विकास कार्य होंगे। विधायक ललित ने नारियल तोड़कर कार्य का शुभारंभ किया।

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भूमिपूजन अवसर पर कहा कि संकल्प पत्र में किए घोषणाओं को पूरा किया जा रहा है। डबल इंजन की सरकार रिसाली को नए कलेवर में आम जनता को समर्पित करेगी। रिसाली की दशा एव दिशा जल्द बदलेगी। विधायक ललित ने कहा कि विकास के नए शोपान के तहत उन्होंने आज वार्ड क्रमांक 1 से लेकर 4 तक भूमिपूजन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश कार्य वही है जिन्हें जनता ने मांग की है। विकास कार्य के लिए किसी तरह की पैसे की कमी नहीं होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, महापौर परिषद की सद्स्य ममता यादव, पार्षद सारिका साहू, सविता ढवस, डॉ. सीमा साहू, सरिता देवांगन, धर्मेन्द्र भगत, शीला नारखेड़े, माया यादव समेत मण्डल अध्यक्ष अनूपम साहू, राजू जंघेल समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### चार वार्डों में होंगे यह कार्य

वार्ड 1 तालपुरी में नाली के उपर कव्हर, फेसिंग वर्क, डोम शेड, कव्हर ड्रेन का कार्य 30.22 लाख से पूर्ण किया जाएगा। इसी तरह वार्ड 2 रूआबांधा उत्तर में बाउंड्रीवाल, कम्युनिटी हॉल, पेवर ब्लाक, रोड चौड़ीकरण के लिए शासन ने कुल 69.28 लाख रूपए स्वीकृत की है। वार्ड 3 रूआबांधा दक्षिण में सीसी रोड, कव्हर ड्रेन, सड़क चौड़ीकरण के लिए कुल 42.87 लाख रूपए खर्च किए जाऐंगे। इसी तरह वार्ड क्रमांक 4 रूआबांधा पूर्व में पांच कार्य के लिए 29.71 लाख रूपए स्वीकृत किया गया है। इस राशि से मंच के सामने पेवर ब्लाक, कव्हर ड्रेन आदि विकास कार्य होंगे।

## पर्यटक चाहते हैं जल्द आए नए व आकर्षक जानवर

# मौसम खुलते ही मैत्रीबाग में बढ़ी रौनक, लुभा रहे व्हाइट टाइगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बारिश के मौसम के शुरु होते ही मैत्रीबाग जू में रौनक बढ़ गई है। अपने बाड़े में घूमते गर्मी और उमस के दौरान कैज के अंदर ही सिमटे रहने वाले वन्य प्राणी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। भिलाई दुर्ग के साथ ग्राम्य क्षेत्रों के लोग भी इन जानवरों और पक्षियों का दीदार करने पहुंच रहे हैं। पर्यटक चाहते हैं कि मैत्रीबाग नए और आकर्षक वन्य प्राणी लाए जाएं।

उल्लेखनीय है कि पखवाड़ेभर पूर्व भारी उमस और गर्मी के चलते मैत्रीबाग में अधिकतर जानवर अपने कैजों में ही दुबके रहते थे। पर्यटक का इनका नजारा लेने इंतजार करते रहते थे। लेकिन अब मौसम ठंडा और खुशनुमा होते ही कई वन्य प्राणी अपने कैज से बाहर निकल एनक्लोजर में चपलता उछलकूद कर रहे हैं। लोग भी वाइट टाइगर, तेंदुआ औल लायन आदि का भरपूर दीदार कर रोमांचित हो रहे हैं। खासकर छह सफेद बाघ लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।



तीन सफेद शावक अब करीब एक साल के हो चुके हैं। मौसम बदलने से हिरणों की भी चौकड़ी बढ़ गई है। जनवरों के अलावा बर्ड्स काम्पलेक्स भी परिंदों से गुलजार है। यहां बच्चे, युवा और महिलाएं चहचहाहट करते पक्षियों को अपने मोबाइल कैमरे कैद करते दिखाई देते हैं। मानसून के दस्तक देते ही वन्य प्राणियों को गर्मी व धूप से बचाने के लिए लगाए गए चटाई आदि अब हटा दिए गए हैं। इससे लोग इनका अच्छे से नजारा ले पा रहे हैं।

### दो साल से खाली है भालू का बाड़ा

मैत्रीबाग में लंबे समय से नए वन्य प्राणियों की आमद नहीं हुई है। पर्यटक चाहते हैं कि बीएसपी प्रबंधन जल्द विभिन्न प्रजातियों केनए और आकर्षक देशी विदेशी जानवर पक्षी यहां लाए। कई कैज खाली हैं। यहां भालू के एनक्लोजर पिछले दो साल से खाली है। जू में पहले तीन हिमालयीन भालू थे। लेकिन इस दौरान एक एक कर चल बसने से अब तक नए भालू नहीं लाए जाने से बच्चों को खाली एनक्लोजर देख निराश होना पड़ रहा है। बच्चों के साथ आए पालकों ने बताया कि कुछ साल पूर्व तक मैत्रीबाग में कई अच्छे वन्य प्राणी थे। लेकिन अब कई कैज खाली हैं और कई बूढ़े हो चुके हैं। नए जानवर लाए जाने से रौनक बढ़ेगी और मैत्रीबाग को राजस्व भी अधिक मिलेगा।

## बीएसपी स्क्रैप चोरी कांड

# दो और गिरफ्तार, अब तक 15 आरोपी सलाखों के पीछे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट से संगठित तरीके से लौह स्क्रैप चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ दुर्ग पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुरानी भिलाई थाना पुलिस ने इस मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस हाई-प्रोफाइल स्क्रैप चोरी कांड में अब तक कुल 15 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं।

पुलिस के अनुसार, यह गिरोह पिछले चार से पांच महीनों से योजनाबद्ध तरीके से बीएसपी से निकलने वाले फ्लू डस्ट के परिवहन के दौरान उसमें लौह स्क्रैप मिलाकर चोरी कर रहा था। चोरी किए गए स्क्रैप को हथखोज स्थित ए.के. ट्रेडर्स में जमा कर अवैध रूप से बेचा जाता था, जिससे आरोपी आर्थिक लाभ कमा रहे थे। 26 मई 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम अकलोरडीह खदानपारा स्थित ए.के. ट्रेडर्स में छापा मारा था।

जांच के दौरान हाईवा और ट्रकों में फ्लू डस्ट के साथ लोहे की प्लेट, बीम और कटिंग सामग्री भरी मिली। परिसर में बड़ी मात्रा में अलग-अलग ढेरों में लौह स्क्रैप भी रखा हुआ था।

## खबर संक्षेप



### नागेन्द्र ने 48वीं बार किया रक्तदान, युवती को चढ़ा

**बालोद।** ग्राम परसोदा निवासी सिन्हा समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. बिस्मभर सिन्हा के पुत्र नागेंद्र सिन्हा ने मानव सेवा ही ईश्वर सेवा के उद्देश्य से जिला के निजी अस्पताल में भर्ती एक युवती की जान बचाने के लिए अपना बी पॉजिटिव रक्त का रक्तदान किया। नागेन्द्र सिन्हा अब तक 48 वीं बार रक्तदान कर चुके है।

### बेलमांड स्कूल की छात्राओं को मिली साइकिलें, खिले चेहरे



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलमांड में सरस्वती निःशुल्क साइकिल प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसएमडीसी अध्यक्ष सत्या गांवरे, सरपंच चमेली साहू, सदस्यगण मधुलता यादव, रेवती साहू नरेंद्र साहू, पोषकरण साहू, भयंकर सिंह, प्राचार्य मोहन गजेन्द्र, व्याख्यातागण आलोक शुक्तेल, अश्वन ठाकुर, डेमन लाल गौरे, डमेंद्र गंजीर, किरण कोशिमा, मनीषा अग्रवार, पुष्पलता भेड़िया, गीता कांडे, नीलम ठाकुर, उमा चंद्रवंशी की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्राचार्य ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना से दूर से आने वाली बेटियों को स्कूल आने –जाने में सुविधा होती है और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि बढ़ती है। कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्राओं एवं पालकों ने इस योजना के लिए शासन एवं स्कूल प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पूजा-पाठ और शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 85 लाख की ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** पूजा-पाठ, शेयर ट्रेडिंग और पारिवारिक समस्याओं का समाधान कराने का झांसा देकर करीब 85 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को भिलाई नगर पुलिस ने मध्यप्रदेश के इंदौर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दो वर्षों तक महिला से अलग-अलग बहानों से रकम वसूली और बाद में पैसे लौटाने के बजाय जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी की पहचान पवन बधोरिया, उम्र 43 वर्ष, निवासी नेचर सिटी, उसलापुर, थाना सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) और फ्लैट क्रमांक 601, बी-09, सतपुड़ा परिसर, थाना गांधी नगर, जिला इंदौर मध्यप्रदेश के रूप में हुई है।

## निधन

### सुखिया बाई साहू



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह निवासी सुखिया बाई साहू का निधन आज हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे उधोराम साहू, नारद राम साहू, गजेन्द्र कुमार साहू की मां तथा बिरेन्द्रकुमार साहू, राजेन्द्र कुमार साहू, भोजेश कुमार साहू की दादी थी।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)**

**-: उद्घोषणा :-**

क्रमांक / 261/प्र./अति.तह. / 2026
दल्लीराजहरा, दिनांक 03/07/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि आवेदिका अंजना राय पिता स्व. बिबेकानंद मुखर्जी एवं अन्य 01 निवासी सिंधिया नगर दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि नगर पंचायत चिखलाकसा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 1112 रकबा 0.09 हे. भूमि बिबेकानंद मुखर्जी पिता कृष्णपद के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। भूमिस्वामी द्वारा उक्त वाद भूमि को दिनांक 16/01/2014 को वाद भूमि ख.नं. 1112 कुल रकबा 0.09 हे. भूमि में से 900 वर्गफीट भूमि को अपने पुत्र अजय मुखर्जी एवं शेष लगभग 20 डिसमिल भूमि को आवेदिकागण के पक्ष में वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। बिबेकानंद मुखर्जी की मृत्यु दिनांक 15/11/2025 को हो गई है। वाद भूमि ख.नं. 1112 रकबा 0.09 हे. में से 20 डिसमिल भूमि को आवेदिकागण के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 16.07.2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 03.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दल्लीराजहरा

## अभियान

**1930 हेल्पलाइन और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक किया**

# जागरूकता अभियान में छात्रों को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पुलिस द्वारा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघमरा में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों को बीएनएस, बीएनएसएस, बीएसए सहित नवीन आपराधिक कानूनों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा साइबर ठगी से बचाव, 1930 हेल्पलाइन एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक किया गया। यातायात नियमों के पालन एवं नशामुक्ति का संदेश देकर विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

बालोद पुलिस द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बघमरा में साइबर सुरक्षा, यातायात जागरूकता, नशामुक्ति एवं नवीन आपराधिक कानूनों के संबंध में व्यापक जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी बालोद शिशुपाल सिन्हा ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि नवीन आपराधिक कानूनों का उद्देश्य न्याय प्रणाली को अधिक सरल, पारदर्शी,





तकनीक–सक्षम एवं समयबद्ध बनाना है। उन्होंने विद्यार्थियों को कानूनों के प्रति जागरूक रहने, अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को समझने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। यातायात प्रभारी रविशंकर पांडे ने सड़क सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने तथा नशे की अवस्था में वाहन नहीं चलाने की अपील की। उन्होंने बताया कि छोटी–छोटी सावधानियां अपनाकर सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। इस दौरान यातायात नियमों के प्रति जागरूक नागरिक शिक्षक मनीष को हेलमेट भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया।

साइबर प्रभारी एएसआई धरम भूआर्य ने वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन ठगी के विभिन्न तरीकों की जानकारी देते हुए फर्जी कॉल, फर्जी लिंक, फाइल, डिजिटल अरेस्ट, क्यूआर कोड, ओटीपी, बैंकिंग जानकारी एवं पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करने, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने तथा साइबर ठगी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सरपंच ओरमा–मेढ़की मंजुलता साहू, त्रसदास मानिकपुरी उप सरपंच बघमरा, सीता साहू पूर्व जनपद सदस्य, बघमरा स्कूल प्राचार्य एसके बेक, प्रधान पाठिका रामटेके, शिक्षक उद्घोषक मनीष समेत शिक्षकगण, वार्ड पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्कूल के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## राज्यस्तरीय बॉक्सिंग स्पर्धा के लिए भिलाई के दो खिलाड़ियों का चयन



**अण्डा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई के कक्षा 11वीं के छात्र नवीन एवं काव्य का चयन 26वीं राज्यस्तरीय बॉक्सिंग मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 12 से 15 जुलाई तक रायपुर में आयोजित होगी, जिसमें दोनों खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि नवीन और काव्य पूर्व में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भी भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दे चुके हैं। उनके चयन से विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। दोनों खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के प्राचार्य एच. एस. गायकवाड़, ग्राम पंचायत के सरपंच परसराम निषाद, पी.टी.आई. योगेंद्र यादव, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों तथा विद्यालय प्रबंधन समिति एसएमसी के सभी सदस्यों ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया।

### मयंक बने जिला भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के सहसंयोजक

**गुण्डरदेही।** जिला भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ द्वारा जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए गुण्डरदेही निवासी भाजपा कार्यकर्ता मयंक जैन को जिला



बालोद आर्थिक प्रकोष्ठ का सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। नमन जैन की नियुक्ति पर नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन, अश्वनी यादव, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे,मंडल उपाध्यक्ष हरीश निषाद, मंडल महामंत्री शैल महोबिया, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीतीश राजा सोनकर, मंडल कोषाध्यक्ष छगन सोनकर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतोषी साहू, व्यापारी प्रकोष्ठ सहसंयोजक कमल जैन, पार्षद संतोष नेताम, शंकर यादव, हेमंत सोनकर सेवक महिपाल, पूजा बिंझेकर, रोमलाल यादव, सौरभ चोपड़ा, उत्सव जैन एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया हैं।

## मनीष जेठवानी भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल सह-संयोजक नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठन विस्तार के तहत कुसुमकसा मंडल के व्यापारी प्रकोष्ठ में एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है।

पार्टी ने कुसुमकसा के युवा व्यापारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता मनीष जेठवानी को व्यापारी प्रकोष्ठ का मंडल सह-संयोजक नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से कुसुमकसा सहित पूरे मंडल क्षेत्र के व्यापारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। नवनियुक्त मंडल सह-संयोजक मनीष जेठवानी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर वे



पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने विशेष रूप से चेमन देशमुख भाजपा जिला अध्यक्ष, सौरभ लूनिया जिला महामंत्री, गोविंद वाधवानी जिला व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक योगेन्द्र सिन्हा कुसुमकसा मंडल अध्यक्ष बनाये गए हैं। जेठवानी ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं एवं शुभचिंतकों के मार्गदर्शन में व्यापारी वर्ग के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण और संगठन को धरातल पर मजबूत बनाने के लिए वे निरंतर कार्य करते रहेंगे। मनीष जेठवानी की इस नियुक्ति पर क्षेत्र के वरिष्ठ जनों और व्यापारी संघ ने खुशी जाहिर की है। बधाई देने वालों में व्यापारी संघ कुसुमकसा अध्यक्ष अनिल सुथार, उपाध्यक्ष सेवक जेठवानी, मोती कुचेरिया, सचिव दिनेश जैन, पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस, संतोष जैन, नितिन जैन, पुष्पजीत बैस, राजू सिन्हा, आशीष जैन और मुकेश यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी एवं भाजपा कार्यकर्ता शामिल हैं।

## साहड़ा देव की पूजा के साथ चरवाहे को सौंपी गई मवेशियों की जिम्मेदारी



**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में शुक्रवार को वर्षों पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए साहड़ा देव भगवान की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। पूजा के उपरांत पूरे गांव की गाय-भैंसों को वर्षभर जंगल में सुरक्षित चराने की जिम्मेदारी पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार चरवाहे को सौंपी गई। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में साहड़ा देव भगवान के प्रति गहरी आस्था है। मान्यता है कि उनकी पूजा करने से मवेशियों की रक्षा होती है तथा वे जंगल में जंगली जानवरों एवं अन्य प्राकृतिक संकटों से सुरक्षित रहते हैं। इसी विश्वास के साथ प्रत्येक वर्ष ग्रामीण एकत्र होकर सामूहिक पूजा करते हैं और चरवाहे को पूरे गांव के मवेशियों की देखरेख का दायित्व सौंपते हैं। पूजा-अर्चना के दौरान गांव में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। ग्रामीणों ने साहड़ा देव से गांव की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा, भरपूर फसल तथा पशुधन की सुरक्षा की कामना की। पूजा के बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल फगुवा राम निषाद, सरपंच पति जयेश जैन, भंडारी बैगा सुदामा राम, मदन माहला, रामगोपाल देशमुख, अश्वनी यादव, धनसिंग फरदिया, राजू यादव, महेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने दी।

## जिले के 27 युवाओं को कलेक्टर ने सौंपे जॉब ऑफर लेटर





**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष में एजुकेशन फांउडेशन से प्रशिक्षित जिले के 27 प्रशिक्षणार्थियों को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि फांउडेशन से प्रशिक्षित 27 प्रशिक्षणार्थियों को हॉस्पिटैलिटी, ब्यूटी, प्लम्बिंग, वेल्डिंग, सोलर के रूप में राज्य एवं राज्य के बाहर के निजी कंपनियों में रोजगार प्रदान किया गया है। इस अवसर पर मोतीलाल देवांगन एवं खेमंत सिन्हा सहित फांउडेशन के अधिकारी–कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## आत्मानंद विद्यालय में साइबर जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा




- विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुरक्षा के बताए उपाय

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी/हिंदी माध्यम विद्यालय, डौंडी लोहारा में शुक्रवार को पुलिस थाना डौंडी लोहारा के सहयोग से साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक कर डिजिटल माध्यमों का सुरक्षित उपयोग करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों की जानकारी देते हुए ऑनलाइन गेमिंग फ्रॉड, फिशिंग, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया पर अजनबियों से संपर्क और ओटीपी साझा करने के खतरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का उपयोग करते समय सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। विद्यार्थियों को सलाह दी गई कि वे अपनी निजी जानकारी सोशल मीडिया पर साझा न करें, किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर कोई ऐप डाउनलोड न करें तथा किसी भी परिस्थिति में अपना ओटीपी या बैंकिंग संबंधी जानकारी साझा न करें। थाना प्रभारी ने साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने तथा संबंधित पोर्टल पर रिपोर्ट करने की भी जानकारी दी।

विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका पुलिस अधिकारियों ने सरल भाषा में समाधान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डी. आर. देवहरे ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ साइबर सुरक्षा की जानकारी भी आवश्यक है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बच्चों को सुरक्षित डिजिटल नागरिक बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय में उपयोगी जानकारी साझा करने के लिए थाना डौंडी लोहारा की पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, पुलिस स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के प्रति जागरूक रहने और साइबर अपराधों से बचाव के व्यावहारिक उपाय अपनाने का संदेश दिया गया।

## आड़ेझर स्कूल में बच्चों को सिखाया कचरा पृथक्करण

### चार रंगों के डस्टबिन की दी जानकारी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के आदेशों के परिपालन में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु बालोद जिले में व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चन्द्रवंशी के निर्देशानुसार सुप्रीम कोर्ट के नियमों को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से जिले के प्रत्येक ग्राम, ग्राम पंचायत और स्कूलों में निरंतर प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत डौंडी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी. मंडले के कुशल मार्गदर्शन में आज पीएमश्री प्राथमिक शाला आड़ेझर में स्कूली बच्चों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत जनपद पंचायत डौंडी के विकासखंड समन्वयक डी.एस. यादव द्वारा छात्र–छात्रओं को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रावधानों के अनुरूप चार प्रकार के ठोस कचरे और उनके पृथक्करण हेतु निर्धारित चार रंग के डस्टबिनों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि पर्यावरण सुरक्षा और स्वच्छता सु–ढ़ करने के लिए स्रोत स्तर (सोर्स लेवल) पर ही कचरे को अलग–अलग करना कितना महत्वपूर्ण है। बच्चों को गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू जोखिमयुक्त कचरा और सैनिटरी अपशिष्ट को पहचान कर उन्हें संबंधित डस्टबिन में ही डालने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि ये बच्चे अपने घरों और गांवों में भी स्वच्छता के इस संदेश को फैला सकें। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच माधुरी ठाकुर, उपसरपंच सुरेश कुमार, शिक्षक हेमेश्वरी श्रीवास, ग्राम पंचायत सचिव भारती साहू, रोजगार सहायक दिनेश लारिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इसके साथ ही पंच काशीराम तारम, मतिप्रभा दर्रो, पौत्री बाई, अंजू बाई सहित अन्य वार्डो के पंचगण, स्थानीय ग्रामीण, ग्राम पंचायत की स्वच्छाग्रही दीदियाँ एवं शाला के बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## बैठक : आंगनबाड़ी एवं स्कूलों का नियमित रूप से विजिट तथा बच्चों के इलाज की भी समीक्षा की

# कलेक्टर ने डौंडी ब्लॉक के स्वास्थ्य और बाल विकास कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने डौण्डी विकासखण्ड के स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की। सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने एवं कुपोषण मुक्ति हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौण्डी में स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक लेकर विभागीय कायोंर् की गहन समीक्षा की।





बैठक में दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना, शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिससे की आदिवासी बहुल डौण्डी विकासखण्ड के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। कलेक्टर ने कुपोषण को स्वस्थ समाज के निर्माण में सबसे बड़ी बाधा बताया। उन्होंने कहा कुपोषण के कारण व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक विकास पूरी तरह से बाधित हो जाता है। दिव्या उमेश मिश्रा ने महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को डौण्डी विकासखण्ड को कुपोषण मुक्त बनाने में जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल उइके, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा सहित खण्ड चिकित्सा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों, सेक्टर सुपरवाईजरों के अलावा अन्य अधिकारी–कर्मचारी मौजूद थे। बैठक में दिव्या उमेश मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा प्राथमिक एवं उपस्वास्थ्य केन्द्र भवनों की स्थिति के अलावा अस्पतालों में मानवीय संसाधनों तथा प्रसव की स्थिति, प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या एवं इलाज आदि की व्यवस्था के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली।

दिव्या उमेश मिश्रा ने जर्जर स्वास्थ्य केन्द्रों के स्थान पर नवीन भवन निर्माण तथा भवन मरम्मत आदि की आवश्यकता होने पर तत्काल प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्रों तक पहुँच मार्ग के निर्माण की आवश्यकता होने पर प्रस्ताव भेजने को कहा। स्वास्थ्य केन्द्रवार प्रसव की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य से कम प्रसव वाले स्वास्थ्य केन्द्रों के अधिकारी, कर्मचारियों को स्थिति में सुधार करने हेतु सख्त निर्देश भी दिए। उन्होंने विकासखण्ड के स्वास्थ्य केन्द्रों में संस्थागत प्रसव की स्थिति बेहतर होने पर वहाँ पदस्थ अधिकारी, कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने सभी अधिकारी, कर्मचारियों को संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने को कहा। दिव्या उमेश मिश्रा ने स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के इलाज की स्थिति की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारी, कर्मचारियों को बिना वाजिब कारण के बिल्कुल भी अन्य अस्पतालों में रेफर नही करने के निर्देश दिए।

बैठक में दिव्या उमेश मिश्रा ने चिरायु योजना के कायोंर् की समीक्षा करते हुए चिरायु टीम के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा आंगनबाड़ी एवं स्कूलों का नियमित रूप से विजिट तथा बच्चों के इलाज की भी समीक्षा की। उन्होंने चिरायु योजना अंतर्गत गंभीर बीमारी से ग्रसित बच्चों के त्वरित इलाज सुनिश्चित करने हेतु चिरायु टीम के अधिकारी–कर्मचारियों को खण्ड चिकित्सा अधिकारियों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों के अलावा विभाग के अन्य अधिकारी–कर्मचारियों से समन्वय कर इन बच्चों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने को कहा।

बैठक में दिव्या उमेश मिश्रा ने टीबी मुक्त अभियान के कायोंर् की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों से टीबी के संभावित मरीजों का चिन्हांकन एवं उनके समुचित इलाज की व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने डौण्डी विकासखण्ड में अब तक टीबी से मुक्त हुए कुल 96 गांवों को टीबी मुक्त ग्राम बनाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आम मरीजों एवं आम नागरिकों का बीपी, शुगर, मानसिक स्वास्थ्य आदि के जांच के संबंध में भी जानकारी ली। दिव्या उमेश मिश्रा ने बालिकाओं में सर्वाइकल कैंसर के बचाव सुनिश्चित करने हेतु 14 वर्ष पूरा कर चुके सभी बालिकाओं का अनिवार्य रूप से सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीका लगाने के भी निदेर्श दिए। उन्होंने बताया कि इसके लिए 13 से 18 जुलाई तक स्पेशल अभियान भी चलाया जा रहा है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डौण्डी का औचक निरीक्षण किया। मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर

■ वार्डों में भर्ती मरीजों से बातचीत कर इलाज, भोजन और अन्य सुविधाओं का फीडबैक लिया

हालचाल जाना, अधिकारी–कर्मचारियों को बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौण्डी का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न कक्षों का भ्रमण कर वहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों से चर्चा की। उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि अस्पताल आने वाले हर मरीज को बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने वार्डों में भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत कर उन्हें मिल रहे इलाज, भोजन और अन्य सुविधाओं का फीडबैक लिया।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल की व्यवस्थाओं को और अधिक सु–ढ़ व मरीज–अनुकूल बनाया जाए। इस मौके पर उन्होंने अस्पताल में चिकित्सा प्रमाण पत्र बनाने पहुँचे कन्या छात्रवास के बालिकाओं से बातचीत कर उनका हालचाल पूछा। उन्होंने मौके पर उपस्थित खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को छात्रओं का तत्काल चिकित्सा प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने अस्पताल परिसर में पौध रोपण भी किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.एल. उइके सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्ट्रेट परिसर में शुरू हुई सार्वजनिक ईवी चार्जिंग सुविधा

## बालोद जिले में हरित परिवहन को बढ़ावा, अब इलेक्ट्रिक वाहन होंगे और सुविधाजनक

हरिभूमि न्यूज. दल्लीराजहरा/बालोद

जिले में स्वच्छ, किफायती और पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला खनिज संस्थान न्यास द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन की सुविधा शुरू कर दी गई है। इस पहल का उद्देश्य जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करना, प्रदूषण में कमी लाना तथा जिले में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करना है।

सहायक नोडल अधिकारी विकास देशमुख ने बताया कि कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन पर इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी 7.2 केडब्ल्यू क्षमता के चार्जर से चार्ज की जाएगी। इसके लिए 15 रुपए प्रति यूनिट की दर निर्धारित की गई है। इससे जिले के इलेक्ट्रिक वाहन संचालकों को अब सुविधाजनक और सुलभ चार्जिंग व्यवस्था उपलब्ध होगी।

विभाग का कहना है कि यह केवल शुरुआत है। आगामी समय में जिले के विभिन्न स्थानों पर 60kw क्षमता के तेज गति वाले चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग और अधिक बढ़ेगा तथा लोगों को लंबी दूरी की यात्रा में भी सुविधा मिलेगी।

जिले में बढ़ती ईवी संस्कृति को देखते हुए इस सुविधा को महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि चार्जिंग अवसंरचना विकसित होने से लोग पेट्रोल और डीजल वाहनों की अपेक्षा इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर अधिक आकर्षित होंगे, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ईंधन पर होने वाला खर्च भी कम होगा। कलेक्ट्रेट परिसर में सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन शुरू होने से बालोद जिले में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को नई गति मिलने की उम्मीद है। जिला खनिज संस्थान न्यास की यह पहल भविष्य में जिले के विभिन्न क्षेत्रों तक विस्तारित होने पर हरित परिवहन अभियान को और अधिक मजबूत आधार प्रदान करेगी।

सहायक नोडल अधिकारी, जिला खनिज संस्थान न्यास विकास देशमुख कहते हैं कि

जिले में पर्यावरण संरक्षण और हरित परिवहन को बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है। कलेक्ट्रेट परिसर में शुरू की गई सार्वजनिक चार्जिंग सुविधा आम नागरिकों के लिए उपलब्ध रहेगी। आने वाले समय में जिले के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी उच्च क्षमता के चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने की योजना है।

इलेक्ट्रिक वाहन चालक उपेन्द्र कुमार साहू कहते हैं कि अब चार्जिंग के लिए दूसरे शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। जिले में यह सुविधा शुरू होने से समय और खर्च दोनों की बचत होगी।

स्थानीय नागरिक आकाश कुमार, शिवनाथ, उत्तम,संदीप आदि लोग कहते हैं कि आगामी समय में यदि जिले के प्रमुख बाजारों, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी ऐसे चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाते हैं तो अधिक लोग इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के लिए प्रेरित होंगे।

पर्यावरण प्रेमी भोमेंद्र कुमार, विश्वास सिंह कहते हैं कि ईवी चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में बड़ा कदम है। इससे वायु प्रदूषण कम होगा और हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

## हायर सेकंडरी कोड़िया में नवीन भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम कोड़िया में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में नवीन शाला भवन के लोकार्पण पश्चात आभार प्रदर्शन का आयोजन रखा गया। गांव में लंबे समय से प्रतीक्षित स्कूल भवन का निर्माण पूरा होने के बाद ग्रामीणों और शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रति आभार व्यक्त कार्यक्रम रखा गया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में नवीन शाला भवन के लोकार्पण के पश्चात आभार प्रदर्शन कार्यक्रम रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, उपाध्यक्ष जनपद राकेश हिरवानी, जनपद उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी,पूर्व जिला पंचायत सभापति योगिता चन्द्रकार, पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति चुन्नीलाल चन्द्रकार, जगदिश दीपक साहू उपस्थित थे। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व मंत्री साहू के विशेष प्रयासों और अनुशंसा से ही स्कूल के लिए नए भवन की स्वीकृति मिली और निर्माण कार्य समय पर पूरा हो सका। पहले बच्चे जर्जर और असुविधाजनक कक्षाओं में पढ़ने को मजबूर थे। नए भवन बनने से अब विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का माहौल मिलेगा।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा आज मुझे इस बात की अत्यंत प्रसन्नता है कि हमारे गांव के इस स्कूल भवन का निर्माण पूरा होकर आप सभी को समर्पित है। जब आप लोगों ने मुझे बताया था कि बच्चे टूटी-फूटी कक्षाओं में बैठकर पढ़ाई करते हैं, बारिश में छत टपकती है, तब मैंने संकल्प लिया था कि शिक्षा के लिए बेहतर आधारभूत सुविधा देना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। आज उस संकल्प के पूरा होने पर जो सम्मान और आभार आप लोगों ने मुझे दिया है, उसके लिए मैं हृदय से आप सभी का आभारी हूं। यह भवन मेरा नहीं, यह गांव के हर माता-पिता, हर शिक्षक और हर बच्चे की मेहनत का परिणाम है। ग्राम के वरिष्ठ स्व.भरत लाल चंद्राकर जी का सहयोग शाला भवन के निर्माण का अविस्मरणीय है इसलिए उनको याद करते हुए नवीन शाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत शाला प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर आयोजित आभार सभा में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, शिक्षकों और बड़ी संख्या में अभिभावकों ने उपस्थित होकर श्री साहू के योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उनके कार्यों को गांव हमेशा याद रखेगा।ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी क्षेत्र के विकास के लिए इसी तरह शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में आनंद चंद्राकर जनभागीदारी अध्यक्ष, सरपंच खुमान निषाद,सी एल चंद्राकर,मलेश निषाद,द्रोपती चंद्राकर,चंद्रकुमार चंद्राकर राधेलाल साहू,उमेश साहू उपस्थित थे। शाला प्राचार्य नीलमणि उजवने एवं समस्त शिक्षक स्टाफ के सहयोग से सफल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंच संचालन व्याख्याता डॉ सरोज साहू एवं शीला चंद्रा द्वारा किया गया।

## पूर्व माध्यमिक शाला तार्री में बाल कैबिनेट का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तार्री में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्रधान पाठक आरसी. ठाकुर के द्वारा बच्चों को अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने की बात कही।

उन्होंने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के महत्व को समझाते हुए सफल व्यक्तियों के जीवनी के बारे में बताया। कैबिनेट गठन का कार्य प्रारंभ कक्षा नायक से किया गया। कक्षा छठवीं, सातवीं, और आठवीं के बच्चों ने अपने अपने कक्षाओं के कक्षा नायकों का मनोनयन किया। शाला नायक अर्थात प्रधानमंत्री का चुनाव मतदान के द्वारा किया गया। कुल छह प्रत्याशी में से एक बालक और एक बलिका का चयन किया गया। प्रधानमंत्री पद के लिए चयन चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से किया गया। जिसमें बच्चों ने अपने मत का प्रयोग करते हुए हिमांशु को सर्वाधिक मत देकर प्रधानमंत्री एवं भावना को उप प्रधानमंत्री चुना गया। इसी प्रकार अन्य पदो का भी मनोनयन किया गया। इस प्रकार रुआंश शिक्षा मंत्री, रोशनी खेल मंत्री, धनंजय सुरक्षा मंत्री पदों पर मनोनीत किया गया। शाला केबिनेट में इसरा परवीन, पोषण, युक्ति, चित्रसेन, जानवी, काव्या, युरानी,, खेमलाल, किशन, पायल, गोदावरी, अजय, दुर्गेश, टिकम, रेहान्त, पूजा, हर्षिका, दयानंद शामिल हैं। चुनाव प्रक्रिया शिक्षक आरसी ठाकुर, केडी. मारकण्डे ने किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक शशि अग्रवाल ने किया।

### आयोजन के अवसर पर बस स्टैंड में स्वच्छता अभियान चलाया

## अभावि ने स्थापना दिवस पर लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस के अवसर पर बालोद जिला बस स्टैंड स्थित भारत माता की प्रतिमा के समक्ष स्वच्छता अभियान, चलाया गया, भारत माता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं सामूहिक आरती का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा एवं परिसर की साफ–सफाई कर राष्ट्र सेवा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल एक छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना का सशक्त अभियान है। पिछले 78 वर्षों से परिषद ज्ञान, शील, एकता के मूल मंत्र के साथ विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, चरित्र निर्माण, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व का भाव विकसित करने का कार्य कर रही है। विद्यार्थी शक्ति को राष्ट्र शक्ति मानते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शिक्षा, समाज और राष्ट्रहित के विभिन्न विषयों पर सतत सक्रिय भूमिका निभा रही है।

वक्ताओं ने कहा कि स्थापना दिवस संगठन की गौरवशाली यात्र का स्मरण करने के साथ–साथ राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को पुनः संकल्पित करने का अवसर है। परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा, संगठन और संस्कार के माध्यम से राष्ट्र के सवांर्गीण विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में प्रांत सहमंत्री छत्तीसगढ़ मनीषा राणा, जिला संयोजक दीपेश साहू, नगर मंत्री शान सोनी, नगर सहमंत्री मयंक साहू मान्या, मीडिया प्रभारी सुजल खन्ना, यश राजपूत, लक्ष्य चौधरी, आशुतोष कौशिक, अंश योगी, ओम अरोड़ा, जितेश सोनी, दीपेश कुमार साहू, लुमेश साहू, आकाश श्रीवास्तव, रुद्र यादव, कीर्तन साहू, बॉबी देशमुख एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### हायर सेकंडरी की छात्राओं को बांटी गई साइकिलें

**गुरूर।** शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोचवाही में शासन के योजनाओं के तहत कक्षा 9 वी के 20 बच्चों को निःशुल्क सायकिल का वितरण किया गया। प्राचार्य नेमन बाधव ने कहा कि शासन के योजना के तहत नवमी के बच्चों को निःशुल्क सायकल वितरण सभी पालकों, विद्यार्थियों एवं शाला प्रबंधन समिति के उपस्थिति में प्रदान किया गया है। सरपंच भुनेश्वरी यादव ने कहा कि शासन के योजनाओं के तहत यह निःशुल्क सायकल हाईस्कूल कोचवाही के बच्चों को आज देने का सौभाग्य मिला है। इस अवसर पर पूर्व शाला प्रबंधन अध्यक्ष भगत राम बढई, राकेश राणा, रोहित यादव, सचिव अंबिका कुंजाम, शिक्षक ओमप्रकाश डडसेना, जागेश्वर विश्वकर्मा, अंशु कुंजाम, धनेश्वरी यादव, शिक्षक गण, छात्र छात्रएं एवं पालक गण उपस्थित थे।

### शाला प्रबंधन समिति धानापुरी की अध्यक्ष बनीं उमा बाई



**गुरूर।** शासकीय उच्च माध्यमिक शाला धानापुरी में शाला प्रबंधन समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष के लिए उमा बाई कोवाची को नियुक्ति की गई। जिसमे उपाध्यक्ष गिरधारी लाल सिन्हा, सचिव प्राचार्य कमलेश कुमार साहू, विद्यालय सदस्य पूनम बैस, शिक्षाविद प्रदीप कुमार सिन्हा, सदस्य सरपंच खोमन सिन्हा एवं अन्य सदस्य मे यशोदा सिन्हा, कुलेश्वरी सिन्हा, जागेश्वरी कोर्राम, वनिता साहू हितेकसा, किशन सलाम, गंगा मंडावी, तामेश्वरी ठाकुर, ओमप्रकाश गुप्ता, रमेश कुलदीप, उत्तरा सिन्हा, कोमल सिन्हा, वीरसिंह ठाकुर, रामस्वरूप सिन्हा, परमानंद साहू हितेकसा को मनोनित किया गया है।

### 50 साल पुराने पेड़ को चोरों ने काट लिया, ले गए लकड़ी



**बालोद।** गुण्डरदेही विकासखंड के ग्राम फूंडा में धान संग्रहण केंद्र के पीछे तांदुला मुख्य नहर से लगी एक निजी भूमि पर खड़े करीब 50 वर्ष पुराने पांच महुआ के पेड़ों को लकड़ी माफिया व चोर काटकर ले गए। ग्रामीणों के अनुसार 9 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे पेड़ों की कटाई शुरू हुई, जो दोपहर लगभग 3 बजे तक लगातार चलती रही। इस दौरान आधुनिक आरा मशीन की मदद से पांचों भारी–भरकम महुआ के पेड़ों को काटकर मौके से ले जाया गया।ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### पटेल संघ की बैठक कल

**बालोद।** जिला ग्राम पटेल संघ बालोद की मासिक बैठक 12 जुलाई को दोपहर 12 बजे मां बंजारी धाम जुंगेरा में आयोजित की गई है। इसमें जिला बालोद के समस्त ग्राम पटेलों कि उपस्थिति रहेगी। यह जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी भाव सिंह यदुवंशी ने दी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411